## एक नजर में

### विभागीय जांच की सुनवाई 21 अगस्त को

**राजगढ़ 04 अगस्त, का.** कलेक्टर कार्यालय राजगढ़ द्वारा आमजन को सूचित किया गया है कि तहसील कार्यालय जीरापुर में पदस्थ रहे एवं वर्तमान में निलंबित कार्य. सहायक ग्रेड-03 दीपक मेहर के विरुद्ध मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के प्रावधानों के अंतर्गत विभागीय जांच की कार्रवाई प्रचलित है. विभागीय जांच अधिकारी द्वारा उक्त प्रकरण की प्रथम सुनवाई 21 अगस्त को प्रात: 11 बजे कलेक्टर कार्यालय राजगढ़ में निर्धारित की गई है. सुनवाई के दौरान संबंधित प्रकरण में आरोपों के संबंध में आवश्यक अभिलेखों एवं तथ्यों पर विचार किया जाएगा. यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त विभागीय जांच से संबंधित कोई महत्वपूर्ण तथ्य, दस्तावेज अथवा अन्य प्रासंगिक जानकारी उपलब्ध हो, जो जांच में सहायक हो सकती है, तो वह निर्धारित तिथि एवं समय पर विभागीय जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष अथवा उपलब्ध जानकारी प्रस्तुत कर सकता है. कलेक्टर कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि यह सूचना विभागीय जांच की विधिसम्मत एवं पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत आमजन की जानकारी एवं आवश्यक सहयोग प्राप्त करने के उद्देश्य से जारी की गई है.

### आईटीआई में नवीन सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ

**राजगढ़ 04 अगस्त, का.** श्रमोदय मॉडल आईटीआई भोपाल में नवीन शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है. संस्थान द्वारा तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार आधारित प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए है. संस्थान में विद्यार्थियों को शत प्रतिशत जॉब गारंटी एवं प्लेसमेंट सहायता, नि:शुल्क छात्रावास, नि:शुल्क यूनिफॉर्म तथा नि:शुल्क अध्ययन सामग्री जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी. इसके साथ ही उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप तकनीकी प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा. संस्थान में प्रवेश केवल मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत हितग्राहियों के छात्र एवं छात्राओं के लिए उपलब्ध रहेगा. इच्छुक विद्यार्थी आईटीआई के विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश लेकर अपने उज्वल भविष्य की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं. प्रवेश, विभिन्न ट्रेडों, पात्रता एवं अन्य आवश्यक जानकारी के लिए संस्थान के प्रशिक्षण अधिकारी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का मार्गदर्शन करेंगे.

# दस महीने बाद 32 लाख की कार ठगी में केस दर्ज

## दिसम्बर 2025 में तीन लोगों के साथ ऑटो डील के नाम पर हुई थी 32 लाख की ठगी

**32 .50 लाख ठगने वालों पर केस हरियाणा-राजस्थान के तीन आरोपियों ने पुरानी कारें दिलाने का भरोसा दिलाने का मामला**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 04 अगस्त, का.** ब्यावरा में पुरानी कारें कम दाम में दिलाने का झांसा देकर एक अंतरराज्यीय गिरोह ने कई लोगों से 32.50 लाख ठग लिए. पीड़ितों को न तो कारें मिलीं और न ही उनके पैसे वापस हुए. मंगलवार को सिटी थाना पुलिस ने हरियाणा और राजस्थान के तीन आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत केस दर्ज कर लिया है. पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने 31 दिसंबर 2025 को ग्राम काचरी निवासी लाखन सिंह सोंधिया और उनके साथियों को कम दाम में अच्छी पुरानी कारें दिलाने का भरोसा दिया था.

पीड़ितों का विश्वास जीतने के लिए आरोपियों ने ब्यावरा के पास ललित ढाबे पर उनसे मुलाकात की. ठगों ने कुछ लोगों से कैश लिया, तो कुछ से एमडीआर फर्म नाम के बैंक खाते में चेक, आरटीजीएस और बैंक ट्रांसफर से पैसे जमा करा लिए. बनेसिंह धनगर और दिनेश शर्मा से 20 लाख नगद, लाखन सिंह सोंधिया से 4.50 लाख, ललित सोलंकी से 4 लाख, लखन सोलंकी से 3 लाख, विष्णु सोलंकी से 2 लाख ठगे गये.

### ठगी के बाद होटल बुलाया और बंद कर लिए फोन

पैसे मिलने के बाद आरोपियों ने सभी पीड़ितों को ब्यावरा के एक होटल में कारों की डिलीवरी लेने के लिए बुलाया. पीड़ित पूरे दिन होटल में गाड़ियों का इंतजार करते रहे, लेकिन कोई कार नहीं आई. इसके बाद आरोपियों ने दो-तीन दिन का समय मांगा और फिर अपने मोबाइल स्विच ऑफ करके फरार हो गए.

### गुना में भी चुके है ठगी की वारदातें

जांच में पता चला है कि आरोपी हरियाणा के फरीदाबाद और राजस्थान के अलवर जिले के रहने वाले हैं. पुलिस ने ईश्वर सिंह, यशवंत जाट और राजेंद्र बत्रा के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया है. थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है. जानकारी सामने आई है कि इन ठगों ने गुना जिले में भी सस्ती गाड़ियां देने के नाम पर लोगों से इसी तरह की धोखाधड़ी की है. पुलिस हर पहलू पर गहराई से जांच कर रही है. मामले में पुलिस सायबर तरीकों से आरोपियों की पड़ताल कर ही है. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों के तार मूल रूप से राजस्थान और हरियाणा के ठग गिरोह के साथ जुडे हो सकते है. पुलिस टीम अब आरापियों की तलाश में राजस्थान और हरियाणा में भी जा सकती है. इस प्रकार के मामले पूर्व में भी सामने आ चुके है. जिले में ट्रैक्टर को लेकर भी ठगी और चोरी के ट्रैक्टरों के बेचने के मामले सामने आए थे जहां लाखों रूपए की ठगी की गई थी.

### आरटीओ पोर्टल को लेकर शिकायत

**ब्यावरा 04 अगस्त, का.** सरकारी 'वाहन पोर्टल' की सुरक्षा पर सवाल उठे है. बिना मोबाइल पर ओटीपी आए, फर्जी दस्तावेज और जाली दस्तखत के सहारे दूसरे के नाम ट्रांसफर करने की शिकायत सामने आई है. मामले की शिकायत एसपी को की गई है. जटियाखेड़ी निवासी मुकेश वर्मा के पास एक जॉनडियर ट्रैक्टर नंबर था जिसे दिसंबर 2025 में जोगन बावड़ी,मकसूदनगढ़ गुना के पवन अहिरवार के साथ 5 लाख 50 हजार में तय किया था. पवन के नाम पर बैंक लोन पास नहीं हुआ,तो उसने अपने ससुर शांतिलाल अहिरवार निवासी ग्राम महू को आगे कर दिया. मार्च 2026 में शांतिलाल ने ट्रैक्टर पर लोन तो मंजूर करवा लिया, लोन की रकम खुद डकार गया. जब शांतिलाल ने पैसे देने में आनाकानी की, तो पीड़ति मुकेश वर्मा ने 28 मई 2026 को मकसूदनगढ़ थाने में शिकायत की है.

### शिक्षक की सड़क हादसे में मौत, कार चालक फरार

**जीरापुर 04 अगस्त, सं.** सोमवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक प्राथमिक शिक्षक की मौत हो गई. शिक्षक रोज की तरह मोटरसाइकिल से स्कूल जा रहे थे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार ऑल्टो कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. हादसे के बाद चालक घायल शिक्षक को अस्पताल पहुंचाने के बजाय कार मौके पर छोड़कर फरार हो गया.पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भाटखेड़ी निवासी रामचंद्र बैरागी शासकीय प्राथमिक विद्यालय पथरी, संकुल केंद्र कोडक्या में पदस्थ थे. सोमवार सुबह वे अपने गांव से विद्यालय के लिए निकले थे. कोडक्या और बाढ़गांव के बीच सामने से आ रही ऑल्टो कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि वे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े. समय पर उपचार नहीं मिलने और गंभीर चोटों के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई. हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जीरापुर अस्पताल पहुंचाया.जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया.

# बीमा राशि को लेकर किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया

## रामपुरिया खैडा के किसानों ने की शिकायत



नवभारत न्यूज

**पडाना 04 अगस्त, सं. सारंगपुर तहसील के ग्राम रामपुरिया खेड़ा के किसानों को पिछले खरीफ सीजन में हुए भारी नुकसान के बावजूद फसल बीमा की राशि अब तक नहीं मिली है. बीमा भुगतान में देरी से नाराज किसानों ने मंगलवार को सारंगपुर एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर लंबित राशि शीघ्र दिलवाने की मांग की.**

किसानों ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम रामपुरिया, पटवारी हल्का नंबर 70 में वर्ष 2025 के खरीफ में अधिकांश किसानों ने सोयाबीन की बोवनी की थी. सीजन के दौरान हुई लगातार बारिश और अन्य कारणों से फसल पूरी तरह चौपट हो गई. औसत उपज सिर्फ 50 किलो प्रति बीघा ही निकली, जिससे बुआई से लेकर कटाई तक किया गया खर्च भी नहीं निकल पाया.

नुकसान को देखते हुए कृषि और राजस्व विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में गांव का संयुक्त सर्वे भी कराया गया था. सर्वे रिपोर्ट तैयार होने के बाद किसानों को उम्मीद थी कि बीमा कंपनी जल्द मुआवजा देगी, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी किसी किसान के खाते में एक रुपया नहीं आया.

### आर्थिक संकट गहरा रहा है

किसानों का कहना है कि सर्वे के आधार पर ही बीमा राशि का भुगतान होना था, लेकिन भुगतान अटके होने से कर्ज और घर खर्च चलाना मुश्किल हो गया है. ज्ञापन में मांग की गई कि सर्वे रिपोर्ट के आधार पर लंबित बीमा राशि तत्काल किसानों के खातों में डलवाई जाए. आवेदन के साथ दोनों विभागों की सर्वे रिपोर्ट की प्रति भी संलग्न की गई है. ज्ञापन देने वालों में कृषक महेश जाट, मोहनलाल जाट, नानूराम जाट, अनोखीलाल जाट, मेवाराम जाट, दिनेश जाट, रमेश सेठ, नारायण जाट, भेरू सिंह दरबार, कैलाश चौधरी, घनश्याम, आशीष शर्मा, धर्मेंद्र, सोनू, बृजमोहन सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे.

### खेत का रस्ता चालू कराने कलेक्टर से लगाई गुहार

**राजगढ़ 04 अगस्त, का.** जनसुनवाई में ग्राम बामनगांव निवासी महेश ने बताया कि आवेदक के खेत में जाने हेतु पूर्व से शासकीय रास्ता हैं. परन्तु उक्त रास्ते को गांव के ही अनावेदकों द्वारा बंद कर दिया गया है. जिससे आवेदक को खेत में आने जाने में काफी परेशानिया हो रही हैं. जिससे वह अपनी फसल की देखरेख नहीं कर पा रहा है जिससे उसे हानि हो रही है. जिस पर कलेक्टर द्वारा तुरंत तहसीलदार खिलचीपुर को रास्ता चालू करवाने आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

# मुक्तिधाम में राज्यमंत्री ने दी पांच सीमेंट की कुर्सिया

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 04 अगस्त, सं. मध्यप्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने स्थानीय मुक्तिधाम परिसर के विकास हेतु पांच बड़ी सीमेंट की कुर्सियां प्रदान कीं. मुक्तिधाम परिसर में स्थापित इन कुर्सियों से श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों को बैठने की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी.**

मुक्तिधाम समिति न्यास पारमार्थिक ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं एल्डरमैन अनिल बारकिया ने राज्यमंत्री डॉ. टेटवाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से मुक्तिधाम



परिसर में जनसुविधाओं का विस्तार हो रहा है. उन्होंने बताया कि परिसर को अधिक सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं सुविधायुक्त बनाने के लिए विभिन्न विकास कार्य निरंतर किए जा रहे हैं.

उन्होंने बताया कि मुक्तिधाम परिसर में हरियाली बढ़ाने एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पर्यावरण प्रेमी दल के सहयोग से व्यापक पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है. दल के सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जा रहे हैं तथा उनकी नियमित देखभाल भी की जा रही है. इस अभियान का उद्देश्य मुक्तिधाम परिसर को एक हरित, शांत एवं प्रेरणादायी वातावरण प्रदान करना है.

कार्यक्रम में मुक्तिधाम समिति के सचिव हरीश सोलंकी, कोषाध्यक्ष आशीष त्रिपाठी, समिति सदस्य शरद जैन एवं संतोष पुष्पद सहित पर्यावरण प्रेमी दल के सदस्य, समाजसेवी एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. सभी ने मुक्तिधाम परिसर के विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में निरंतर सहयोग देने का संकल्प लिया. समिति पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि जनप्रतिनिधियों एवं समाज के सहयोग से मुक्तिधाम परिसर भविष्य में नगर के एक आदर्श एवं अनुकरणीय स्थल के रूप में विकसित होगा.

# विभागीय अधिकारियों ने सुनीं आवेदकों की शिकायतें

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 04 अगस्त,का. जिला मुख्यांलय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्यायओं का निराकरण किया जाता है. आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे.**

आयोजित जनसुनवाई में ग्राम



राजली बे निवासी अमर सिंह ने बताया कि आवेदक का मकान मोहनपुरा बांध के डूब क्षेत्र में प्रभावित हैं. आवेदक को मुआवजा राशि नहीं मिली हैं. कलेक्टनर द्वारा एसडीएम राजगढ़ को आवश्यंक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

ग्राम खनोटा निवासी दौलत सिंह बताया कि आवेदक को बीपीएल अंतर्गत राशन प्राप्ती हो रहा था. आवेदक को पिछले 3-4 वर्षो से खाद्यान्य मिलना बंद हो गया हैं. आवेदक का नाम बीपीएल से हटा दिय गया है. जिससे आवेदक को काफी परेशानियां हो रही हैं. कलेक्टर द्वारा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

### विकलांग पेंशन के लिए गुहार लगाई

**राजगढ़ 04 अगस्त, का.** जिला स्तरपर होने वाली जनसुवाई में मंगलवार को ग्राम हिरणखेडी निवासी गोवर्धन ने बताया कि आवेदक के परिवार के आर्थिक स्थिति ठीक नहीं हैं. आवेदक विकलांग है. आवेदक कोई भी कार्य करने में असमर्थ हैं. आवेदक को विकलांग पेंशन मिलने में परेशानियां हो रही हैं. कलेक्टकर द्वारा सीईओ राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. इस अवसर पर 70 आवेदन प्राप्त हुए.

# सावन सवारी को लेकर बैठक सम्पन्न, दायित्व सौंपे

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 04 अगस्त, सं.** 24 अगस्त को निकलने वाली बाबा बाटकेश्वर महादेव की शाही सवारी की तैयारी को लेकर ओम पुष्पद की अध्यक्षता में बैठक बाबा सवारी को सुव्यवस्थित एवं अनुशासित तरीके से निकालने के लिए व्यवस्थाएं सोपी गई. मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता सतीश राठौर को सावन सवारी प्रभारी नियुक्त किया गया तथा सतीश गिरजे को सावन सवारी सह प्रभारी नियुक्त किया गया.

साथ ही भूपेंद्र जोशी द्वारा सदस्यता अभियान को गति देते हुए सदस्यों के परिचय पत्र बनाने के लिए आवश्यक दस्तावेज एवं सदस्यता फार्म वितरित किए गए. महादेव मित्र मंडल संगठन मंत्री दिनेश सिसोदिया ने नए सदस्यों को संगठन की नीति रीति से अवगत कराते हुए स्वागत किया.

कार्यक्रम का संचालन परामर्श लोकेश सोलंकी एवं उपाध्यक्ष जितेन्द्र सोलंकी ने किया तथा आभार सचिव कमल पुष्पद ने माना. इस दौरान मंडल के परामर्श गण पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे.




# सीबीएसई क्लस्टर योग, वॉलीबॉल चैंपियनशिप का समापन

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 04 अगस्त, सं. मास्टरमाइंड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सारंगपुर में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर योग एवं वॉलीबॉल चैंपियनशिप का चार दिवसीय भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.**

विजेता खिलाड़ियों एवं टीमों को ट्रॉफी, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. समापन समारोह के मुख्य अतिथि स्वामी विवेकानंद स्कूल, राजगढ़ के अमित शाह रहे. अध्यक्षता प्रोग्रेसिव हाइट्स आईसीएसई स्कूल, ब्यावरा के संस्थापक एवं निदेशक योगेश अगवाल ने की. वॉलीबॉल प्रतियोगिता के अंडर-14 वर्ग में गोमती नंदन पब्लिक स्कूल विजेता रहा तथा श्रेयांश वाल्मीकि को बेस्ट प्लेयर घोषित किया गया. अंडर-17 वर्ग में सेंट्रल अकादमी विजेता रही और दिव्यांश मिश्रा को बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार मिला. अंडर-19 वर्ग में एनी बेसेंट स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया तथा आदित्य सिंह को बेस्ट प्लेयर चुना गया.

योग प्रतियोगिता के आर्टिस्टिक योग वर्ग में अंडर-14 में कृष्ण जोशी, अंडर-17 में कृतार्थ जाट (सेंट टेरेसा स्कूल, ग्वालियर) तथा अंडर-19 में अक्षत गुर्जर (लिटिल एंजेल्स हाई स्कूल, ग्वालियर) विजेता रहे.

ट्रेडिशनल योग में अंडर-14 वर्ग में कृष्ण (एमपीएस प्रताप नगर, जयपुर), अंडर-17 में कृतार्थ (सेंट टेरेसा स्कूल, ग्वालियर) तथा अंडर-19 में अक्षय (लिटिल एंजेल्स हाई स्कूल, ग्वालियर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया.

रिदमिक योग में एमपीएस प्रताप नगर, जयपुर के हेमंत एवं हेमांक ने अपनी आकर्षक एवं संतुलित प्रस्तुति से निर्णायकों एवं दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की.

समापन अवसर पर मास्टरमाइंड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निदेशक चंद्रप्रकाश पाटीदार, प्राचार्या श्रीमती रंजना सक्सेना ने कहा कि चार दिनों तक चली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न विद्यालयों से आए खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन, समर्पण एवं सौहार्द का अनुकरणीय परिचय दिया. आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के योगदान की सराहना की.

**निर्देश** — विकासखंड राजगढ़ में सीईओं ने किया औचक निरीक्षण, लापरवाही पर जताई कड़ी नाराजगी

# कैसी जनसुनवाई : पंचायत तो खोली लेकिन जिम्मेदार गायब मिले

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 04 अगस्त, का. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा विकासखंड राजगढ़ अंतर्गत ग्राम पाडली खाती एवं बाग सहित विभिन्न शासकीय संस्थानों का औचक निरीक्षण किया गया.**

निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए. सर्वप्रथम ग्राम पंचायत पाडली खाती का निरीक्षण किया गया, जहां पंचायत कार्यालय खुला पाया गया एवं पंचायत सचिव उपस्थित मिले. पंचायत की व्यवस्थाओं एवं अभिलेखों का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए.



इसके उपरांत शासकीय हाई स्कूल बग्गा का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अनीता वर्मा अनुपस्थित पाई गईं. विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई एवं शौचालयों में पानी की समुचित व्यवस्था नहीं पाई गई. साथ ही विद्यालय भवन के निर्माण कार्य की गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं मिली. इस पर डॉ. गढ़पाले ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित प्राचार्य को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए तथा कार्यपालन यंत्री, ईई पीआईयू, संबंधित ठेकेदार, प्राचार्य एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी को 05 अगस्त को प्रात: 10 बजे जिला पंचायत कार्यालय में समस्त अभिलेखों सहित उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए.

निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र बग्गा का भी निरीक्षण किया गया, जहां सहायिका अनुपस्थित पाई गई. इस संबंध में डॉ. गढ़पाले ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को संबंधित कर्मचारी के वेतन भुगतान की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए. इसके पश्चात ग्राम बाग का निरीक्षण किया गया. ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि पिछले आठ दिनों से पेयजल आपूर्ति बाधित है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. इस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने तत्काल पेयजल व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश देते हुए संबंधित उपयंत्री रवि पाटीदार के तीन दिवस के वेतन काटने तथा आवश्यक कार्रवाई करने हेतु जल निगम के प्रबंधक को निर्देशित किया.

निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी भवन के समीप स्थापित हैंडपंप की मोटर खराब पाई गई. इसे अगले दिवस तक सुधारने के निर्देश ग्राम पंचायत को दिए गए. साथ ही पंचायत भवन के समीप स्थित हैंडपंप पर सोक पीट नहीं बनाए जाने तथा पंचायत भवन में गंदगी पाए जाने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक के तीन-तीन दिवस के वेतन काटने के निर्देश दिए. इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय बाग का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के समय विद्यालय में दो शिक्षक उपस्थित पाए गए. विद्यालय में कुल 41 छात्र-छात्राएं दर्ज पाए गए, जिन्हें विद्यालय के ब्लैकबोर्ड पर अंकित करवाया गया तथा विद्यार्थियों से शैक्षणिक गतिविधियों एवं पठन-पाठन की जानकारी भी ली गई. शिक्षकों को नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए.

मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. गढ़पाले ने कहा कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा कार्यों में गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा. उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी एवं पारदर्शिता के साथ करें. भविष्य में निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी.